रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 2396] नई दिल्ली, मंगलवार, अगस्त 22, 2017/श्रावण 31, 1939
No. 2396] NEW DELHI, TUESDAY, AUGUST 22, 2017/SRAVANA 31, 1939

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 22 अगस्त, 2017

का.आ. 2735(अ).—भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का. आ. 1823 (अ), तारीख 26 मई, 2016 द्वारा उन सभी व्यक्तियों से, जिनके उससे प्रभावित होने की संभावना थी, उस तारीख से, जिसको उक्त अधिसूचना से युक्त राजपत्र की प्रतियां, जनता को उपलब्ध करा दी गई थी, साठ दिन की अवधि के भीतर आक्षेप और सुझाव आमंत्रित करते हुए एक प्रारुप अधिसूचना प्रकाशित की गई थी;

और, प्रारुप अधिसूचना से युक्त राजपत्र की प्रतियां 26 मई, 2016 को जनता को उपलब्ध करा दी गई थी;

और, उक्त प्रारुप अधिसूचना के उत्तर में सभी व्यक्तियों और पणधारियों से प्राप्त आक्षेपों और सुझावों पर केन्द्रीय सरकार द्वारा सम्यक रुप से विचार किया गया;

और, कुशेशवर अस्थान पक्षी अभयारण्य, बिहार के दरभंगा जिले में स्थित है और 29.21 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ है;

और, कुशेशवर अस्थान पक्षी अभयारण्य जो ताजे जल की झील है और उसके आसपास का क्षेत्र असीम पारिस्थितिक, जीवजंतु, वनस्पति, भू-आकृति वैज्ञानिक, धार्मिक और प्राकृतिक के लिए महत्त्वपूर्ण है और असंख्य जलीय वनस्पति और जीवजंतु भी है;

और, कुशेश्वर अस्थान पक्षी अभयारण्य में जल पौधों की कई प्रजातियों, मछली की प्रचुर प्रजातियों, स्थानीय पक्षियों की कम से कम 40 प्रजातियों के साथ प्रवासी पक्षियों की 15 दुर्लभ और संकटापन्न प्रजातियों के लिए नेपाल, तिब्बत, भूटान अफगानिस्तान, चीन, पाकिस्तान, मंगोलिया एवं साइबेरिया और अन्य देश निवास स्थान है जो सर्द ऋतु में और सरीसृप

क्षेत्र के समूह है और अभयारण्य में भगवान शिव का मंदिर महाकाव्य समय के लिए दुबारा खोजा गया और इसका विशाल धार्मिक महत्व है;

और, इस क्षेत्र में उपस्थिति अंकन की कुछ महत्वपूर्ण पक्षियों की प्रजातियों में दलमटैन पेलीकन (*पेलीकनस क्रूरीसुपस्*), भारतीय डरटर (*अनलिंगा रूफा*), बार हेडिड कलहंस, वाइट विंगड वुड बत्तख (*कैरीवा सकुटुलाटा*), मार्बलड टोल (*मरमरोनेट्टा अनक्यूस्टीरोस्ट्रीस*), बेइरस पॉर्चड (*अयथ्या बेरी*), साइबेरियन करेन (*ग्रुस लियोग्रेनस*), भारतीय स्कीम्मर (*रयनचोपस अलीबीकोलस*), ओरिंयटल क्युसैंडर (*मेरक्यूस गुसैंडर*), विसलिंग टील, कौडिल्ला, बैंगनी मूर–मुर्गी आदि हैं; सामान्य स्थलीय वन्यजीव में लघुपूच्छ वानर, बनैला सूअर, सियार, नीलगाय आदि हैं और सरीसृपों में कछुआ में जैसे कि हरही एवं अहुआ और जल सांपों में चेरना, मचलीदीही, बसमहा और दरराह सम्मिलित हैं; जबकि महत्वपूर्ण मछली प्रजातियां हैं रीहु, कटला, सिंगि, गराई, बामी, इक्का, इत्यादि;

और, अभयारण्य की महत्वपूर्ण पौधे प्रजातियां बेल (*एजेले मर्मेलोस*), सिरीस (*अल्बिज़िया चिनेसिस*), नीम (*अज़ाडिराचल इंडिका*), सेमल (*बम्बॉक्स सीईबा*), बरगद (*फिकस बेंगलेंसिस*), पीपल (*फिकस रेलिगिओसा*), आम (*मंगिफेरा इंडिका*), खजूर (*फीनिक्स डैक्टिलिफेरा*), जामुन (*सायजियम क्युमिनि*) और अर्जुन टर्मिनलिया अर्जुन, आदि; और कुछ महत्वपूर्ण जलीय पौधे प्रजातियां जलकुम्मी, नरकट, जंगली चावल, ब्लू वाटर लिली, हाइड्रेला, मस्कग्रास आदि हैं।

और, अभयारण्य कमला बलन, पुरानी कमला, कोसी, भूतही एवं जीवच्च बाढ़ जल फैलाने वाली नदियों से बाढ़ और कृषि भूमि के निकट जल जमाव को रोकने के लिए जल प्राप्त करती है और अत: यह जलाशय के रूप में और भू-जल रिचार्ज की प्रक्रिया में भी कार्य करता है;

और, कुशेशवर अस्थान पक्षी अभयारण्य के चारों ओर के क्षेत्र को, जिसका विस्तार और सीमाएं इस अधिसूचना के पैरा 1 में विनिर्दिष्ट हैं, पर्यावरण की दृष्टि से पारिस्थितिक संवेदी जोन के रूप में सुरक्षित और संरक्षित करना तथा उक्त पारिस्थितिक संवेदी जोन में उद्योगों या उद्योगों के वर्गो के प्रचालन तथा प्रसंस्करण करने को प्रतिषिद्ध करना आवश्यक है;

अतः, अब, केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) के साथ पठित पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उपधारा (3) और उपधारा (2) के खंड (v) और खंड (xiv) और उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, बिहार राज्य में कुशेशवर अस्थान पक्षी अभयारण्य की सीमा से 0.5 किलोमीटर से 3 किलोमीटर तक के विस्तार तक के क्षेत्र को कुशेशवर अस्थान पक्षी अभयारण्य पारिस्थितिक संवेदी जोन (जिसे इसमें इसके पश्चात् पारिस्थितिक संवेदी जोन कहा गया है) के रूप में अधिसूचित करती है, जिसके ब्यौरे निम्नानुसार है, अर्थात् :--

(1) पारिस्थितिक संवेदी जोन का विस्तार और उसकी सीमाएं-(1) पारिस्थितिक संवेदी जोन कुशेशवर अस्थान पक्षी अभयारण्य 0.5 किलोमीटर से 3 किलोमीटर के विस्तार तक 32.93 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में फैला हुआ है और अक्षांश और देशांतर के साथ पारिस्थितिक संवेदी जोन का मानचित्र **उपाबंध I** के रूप में उपाबद्ध है।

(2) कुशेशवर अस्थान पक्षी की सीमा का वर्णन और पारिस्थितिक संवेदी जोन के निर्देशांकों के साथ अभयारण्य के निर्देशांक **उपाबंध II-क** और **उपाबंध II-ख** के रुप में उपाबद्ध है।

(3) पारिस्थितिक संवेदी जोन बिहार के दरभंगा जिले में 36 ग्रामों तक फैला हुआ है । पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर आने वाले ग्रामों की सूची प्रमुख बिंदुओं के निर्देशांक के साथ **उपाबंध III** के रूप में उपाबद्ध है।

2. पारिस्थितिक संवेदी जोन के लिए आंचलिक महायोजना – (1) राज्य सरकार, पारिस्थितिक संवेदी जोन के लिए राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से दो वर्ष की अवधि के भीतर, स्थानीय व्यक्तियों के परामर्श से और इस अधिसूचना में संलग्न अनुबंधों के सामंजस्य से आंचलिक महायोजना तैयार करेगी ।

(2) आचंलिक महायोजना राज्य सरकार में सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित होगी ।

(3) राज्य सरकार द्वारा पारिस्थितिक संवेदी जोन के लिए आचंलिक महायोजना इस तरह, इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट रूप तथा सुसंगत केंद्रीय और राज्य विधियों के सामंजस्य और केंद्रीय सरकार द्वारा जारी मार्गदर्शक सिद्धांतों यदि कोई हों, द्वारा तैयार होगी ।

(4) आंचलिक महायोजना, पर्यावरणीय और पारिस्थितिक विचारों को समाकलित करने के लिए राज्य सरकार के सभी संबद्ध विभागों के परामर्श से तैयार होगी, अर्थात्:--

(i) पर्यावरण ;
(ii) वन ;
(iii) नगर विकास ;
(iv) पर्यटन ;
(v) नगरपालिका ;
(vi) राजस्व ;
(vii) कृषि ;
(viii) पशु और मत्स्य संसाधन;
(ix) जल संसाधन (सिंचाई);
(x) लोक निर्माण (सड़क निर्माण); और
(xi) बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड।

IndiaCode

(5) आंचलिक महायोजना अनुमोदित विद्यमान भू-उपयोग, अवसंरचना और क्रियाकलापों पर कोई निर्बंधन अधिरोपित नहीं करेगी जब तक कि इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट न हो और आंचलिक महायोजना सभी अवसंरचना और क्रियाकलापों में और अधिक दक्षता और पारिस्थितिक अनुकूलता का संवर्धन करेगी ।

(6) आंचलिक महायोजना में अनाच्छादित क्षेत्रों के जीर्णोद्धार, विद्यमान जल निकायों के संरक्षण, आवाह क्षेत्रों के प्रबंधन, जल-संभरों के प्रबंधन, भूतल जल के प्रबंधन, मृदा और नमी संरक्षण, स्थानीय समुदायों की आवश्यकताओं तथा पारिस्थितिक और पर्यावरण से संबंधित ऐसे अन्य पहलूओं, जिन पर ध्यान देना आवश्यक है, के लिए उपबंध होंगे ।

(7) आंचलिक महायोजना सभी विद्यमान पूजा स्थलों, ग्रामों और नगरीय बंदोबस्तों, वनों के प्रकार और किस्मों, कृषि क्षेत्रों, ऊपजाऊ भूमि, हरित क्षेत्र जैसे उद्यान और उसी प्रकार के स्थान, उद्यान कृषि क्षेत्र, फलोउद्यान, झीलों और अन्य जल निकायों का अभ्यकंन करेगी ।

(8) आंचलिक महायोजना स्थानीय समुदायों की जीवकोपार्जन को सुनिश्चित करने के लिए, पारिस्थितिक संवेदी जोन में विकास को पारिस्थितिक अनुकूल विकास के लिए विनियमित करेगी ।

3. **राज्य सरकार द्वारा किए जाने वाले उपाय-**राज्य सरकार इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी करने के लिए निम्नलिखित उपाय करेगी, अर्थात्:--

(1) **भू-उपयोग -** पारिस्थितिक संवेदी जोन में वनों, उद्यान कृषि क्षेत्रों, कृषि क्षेत्रों, आमोद-प्रमोद के प्रयोजनों के लिए पार्कों और मनोरंजनात्मक प्रयोजनों के लिए अभिनिश्चित खुले स्थानों को वाणिज्यिक या आवासीय परिसर या औद्योगिक क्रियाकलापों के लिए उपयोग नहीं किया जाएगा या उनके निए क्षेत्रों में संपरिवर्तित नहीं किया जाएगा।

परंतु पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर कृषि और अन्य भूमि का संपरिवर्तन मानीटरी समिति की सिफारिश पर और विधि के अधीन सक्षम प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन से अनुज्ञात किया जा सकेगा और यथा लागू केन्द्रीय सरकार के अन्य नियम जैसे विनियम तथा राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन से स्थानीय आवश्यकताओं को और ऐसी क्रियाकलापों के पूरा किया जा सकेगा जैसे:-

(i) विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ करना तथा नई सड़कों का संनिर्माण;

(ii) बुनियादी ढांचों और नागरिक सुविधाओं का संनिर्माण और नवीकरण;

(iii) प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग;

(iv) कुटीर उद्योगों जिनके अंतर्गत ग्रामीण कारीगर भी हैं; सुविधाजनक भण्डार और स्थानीय सुविधाओं सहायक पारिस्थितिक पर्यटन में सम्मिलित गृह वास; और

(v) संवर्धित क्रियाकलाप पैरा 4 में दिया गया है:

परंतु यह और भी कि राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन तथा संविधान के अनुच्छेद 244 या तत्समय प्रवृत्त विधि के उपबंधों के अनुपालन के बिना, जिसके अंतर्गत अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 (2007 का 2) भी है, वाणिज्यिक और उद्योग विकास क्रियाकलापों के लिए जनजातीय भूमि का उपयोग अनुज्ञात नहीं होगा:

परंतु यह और भी कि पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर भू-अभिलेखों में उपसंजात कोई त्रुटि, मानीटरी समिति के विचार प्राप्त करने के पश्चात् राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक मामले में एक बार संशोधित होगी और उक्त त्रुटि के संशोधन की सूचना केंद्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को देनी होगी ।

परंतु यह और भी कि उपर्युक्त त्रुटि का संशोधन में इस उप पैरा के अधीन यथा उपबंधित के सिवाय किसी भी दशा में भू-उपयोग का परिवर्तन सम्मिलित नहीं होगा :

परंतु यह और भी कि जिससे हरित क्षेत्र में जैसे वन क्षेत्र, कृषि क्षेत्र आदि में कोई पारिणामिक कटौती नहीं होगी और अनप्रयुक्त या अनुत्पादक कृषि क्षेत्रों में पुन: वनीकरण करने के प्रयास किए जाएंगे ।

(2) प्राकृतिक जल स्रोत - आचंलिक महायोजना में सभी प्राकृतिक जल स्रोतों की पहचान की जाएगी और उनके संरक्षण और पुनरुद्भूतकरण के लिए योजना सम्मिलित होगी और राज्य सरकार द्वारा ऐसे क्षेत्रों पर या उनके निकट विकास क्रियाकलाप प्रतिषिद्ध करने के लिए ऐसी रीति से मार्गनिर्देश तैयार किए जाएंगे ।

(3) **पर्यटन–** (क) पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप पर्यटन महायोजना के अनुसार होंगे जो कि आंचलिक महायोजना के भाग रूप में होगी ।

(ख) पर्यटन महायोजना पर्यावरण और वन के राज्य विभागों के परामर्श से राज्य पर्यटन विभाग द्वारा तैयार की जाएगी ।

(ग) पर्यटन महायोजना आंचलिक महायोजना के एक घटक के रूप में होगा ।

(घ) पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप निम्नलिखित के अधीन विनियमित होंगे, अर्थात्:-

(i) कुशेशवर अस्थान पक्षी अभयारण्य संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर तक या पारिस्थितिक संवेदी जोन के विस्तार तक इनमें जो भी निकट है, नये वाणिज्यिक होटलों और रिसोर्टों अनुज्ञात नहीं

होंगे। तथापि वन्यजीव अभयारण्य की सीमा उक्त पारिस्थितिक संवेदी जोन के विस्तार तक एक किलोमीटर से परे नए होटलों तथा रिसोर्टों की स्थापना के लिए पूर्व अभ्यांकित और नामनिर्दिष्ट क्षेत्रों में ही अनुज्ञात किया जाएगा;

(ii) पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर सभी नए पर्यटन क्रियाकलापों या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार केंद्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा मार्गदर्शक सिद्धांतों के तथा राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण, द्वारा जारी पारिस्थितिक पर्यटन (समय-समय पर यथा संशोधित) मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुसार पारिस्थितिक पर्यटन पर बल देते हुए होगा;

(iii) आंचलिक महायोजना का अनुमोदन किए जाने तक, पर्यटन के लिए विकास और विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों के विस्तार को वास्तविक स्थल विनिर्दिष्ट संवीक्षा तथा निगरानी समिति की सिफारिश पर आधारित संबंधित विनियामक प्राधिकरणों द्वारा अनुज्ञात किया होगा ।

(4) **नैसर्गिक विरासत -** पारिस्थितिक संवेदी जोन में महत्वपूर्ण नैसर्गिक विरासत के सभी स्थलों जैसे सभी जीन कोश आरक्षित क्षेत्र, शैल विरचनाएं, जल प्रपातों, झरनों, घाटी मार्गों, उपवनों, गुफाओं, स्थलों, भ्रमण, अश्वरोहण, प्रपातो आदि की पहचान की जाएगी और उन्हें परिरक्षित किया जाएगा तथा उनकी सुरक्षा और संरक्षा के लिए इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से छह मास के भीतर, उपयुक्त योजना बनाई जाएगी और ऐसी योजना आंचलिक महायोजना का भाग होगी ।

(5) **मानव निर्मित विरासत स्थल** - पारिस्थितिक संवेदी जोन में भवनों, संरचनाओं, शिल्प-तथ्य, ऐतिहासिक, कलात्मक और सांस्कृतिक महत्व के क्षेत्रों की पहचान करनी होगी और इस अधिसूचना के अंतिम प्रकाशन की तारीख से छह माह के भीतर उनके संरक्षण की योजनाएं तैयार करनी होगी तथा आंचलिक महायोजना में सम्मिलित की जाएगी ।

(6) **ध्वनि प्रदूषण** -- पारिस्थितिक संवेदी जोन में ध्वनि प्रदूषण निवारण और नियंत्रण पर्यावरणीय (संरक्षण) अधिनियम, 1986, ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम, 2000 के अनुसार कार्यान्वित करेगा ।

(7) **वायु प्रदूषण** -- पारिस्थितिक संवेदी जोन में, वायु प्रदूषण के निवारण के लिए वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 (1981 का 14) और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार अनुपाल्य किया जाएगा ।

(8) **बहिस्राव का निस्सारण** -- पारिस्थितिक संवेदी जोन में उपचारित बहिस्राव का निस्सारण जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974 (1974 का 6) के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ।

(9) **ठोस अपशिष्ट** - ठोस अपशिष्टों का निपटान निम्नलिखित रूप में होगा -

(i) पारिस्थितिक संवेदी जोन में ठोस अपशिष्टों का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथा संशोधित अधिसूचना सं. का.आ. 1357(आ), तारीख 8 अप्रैल, 2016 द्वारा प्रकाशित ठोस अपशिष्ट प्रबंध नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ;

(ii) अकार्बनिक सामग्री का निपटान पारिस्थितिक संवेदी जोन के बाहर पहचान किए गए स्थल पर किसी पर्यावरणीय स्वीकार्य रीति में होगा;

(iii) पारिस्थितिक संवेदी जोन में ठोस अपशिष्टों को जलाना या भस्मीकरण और भूमि भराव के स्थापनों को अनुज्ञात नहीं किया जाएगा ।

(10) **जैव चिकित्सीय अपशिष्ट**- जैव चिकित्सीय अपशिष्ट प्रबंध निम्नलिखित के अनुसार होगा-

(i) पारिस्थितिक संवेदी जोन में जैव चिकित्सीय अपशिष्ट निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथा संशोधित अधिसूचना सं.का.नि 343 (अ) तारीख 28 मार्च, 2016 द्वारा प्रकाशित जैव चिकित्सीय अपशिष्ट प्रबंध नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ।

(ii) पारिस्थितिक संवेदी जोन में कोई साधारण उपचार सुविधा या भस्मीकरण अनुज्ञात नहीं किया जाएगा ।

(11) **यानीय परिवहन.**- परिवहन की यानीय गतिविधियां आवास के अनुकूल रीति में विनियमित होंगी और इस संबंध में आंचलिक महायोजना में विनिर्दिष्ट उपबंध समाविष्ट किए जाएंगे और ऐसे समय तक जब तक आंचलिक महायोजना के तैयार होती है और राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित होने तक, निगरानी समिति सुसंगत अधिनियमों तथा उनके अधीन बनाए गए नियमों और विनियमों के अनुसार यानीय गतिविधियों के अनुपालन को निगरानी करेगी ।

(12) **यानीय प्रदूषण:-** लागू विधियों के अनुसार वाहन प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण का अनुपालन किया जाएगा। स्वच्छक ईंधन उदाहरण के लिए सीएनजी, आदि के उपयोग के लिए प्रयास किए जाएंगे ।

(13) **प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन: -** पारिस्थितिक संवेदी जोन में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंध का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथासंशोधित अधिसूचना सा.का.नि 340(अ), तारीख 18 मार्च, 2016 द्वारा प्रकाशित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंध नियम 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(14) **संनिर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन: -** पारिस्थितिक संवेदी जोन में संनिर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंध भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथासंशोधित अधिसूचना सा.का.नि 317(अ), तारीख 29 मार्च, 2016 द्वारा प्रकाशित संनिर्माण और विध्वंस प्रबंध नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ।

(15) **ई–अपशिष्ट:-** पारिस्थितिक संवेदी जोन में ई–अपशिष्ट प्रबंध का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा समय-समय पर यथासंशोधित ई–अपशिष्ट प्रबंध नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(16) **औद्योगिक ईकाइयां: -** (i) पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर किन्ही नए प्रदूषणकारी उद्योगों की स्थापना की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी।

(ii) पारिस्थितिक संवेदी जोन में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा फरवरी, 2016 में जारी दिशानिर्देशों में केवल गैर- केवल अप्रदूषणकारी उद्योगों की स्थापना को वर्गीकरण के अनुसार अनुज्ञा दी जाएगी, जब तक कि अन्यथा इस अधिसूचना में इस प्रकार विनिर्दिष्ट न हो।

(17) **पहाड़ी ढलानों को संरक्षण: -** पहाड़ी ढलानों का संरक्षण निम्नानुसार होगा:

(क) आंचलिक महायोजना में पहाड़ी ढलानों पर क्षेत्रों को उपदर्शित किया जाएगा जहां किसी भी संनिर्माण की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी ।

(ख) कटाव के एक उच्च डिग्री के साथ विद्यमान खड़ी पहाड़ी ढलानों या ढलानों पर किसी भी संनिर्माण की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी ।

4. पारिस्थितिक संवेदी जोन में प्रतिषिद्ध और विनियमित क्रियाकलापों की सूची - पारिस्थितिक संवेदी जोन में सभी क्रियाकलाप पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) के उपबंधों और तद्धीन बनाए गए नियमों द्वारा शासित होंगे और नीचे दी गई सारणी में विनिर्दिष्ट रीति में विनियमित होंगे, अर्थात् :-

सारणी

क्रम सं.	**क्रियाकलाप**	**टिप्पणियाँ**
(1)	(2)	(3)
		प्रतिषिद्ध क्रियाकलाप
1.	वाणिज्यिक खनन, पत्थर की खदान और उनको तोड़ने की इकाइयां ।	(क) नए (लघु और वृहत खनिज), पत्थर की खानें और उनको तोड़ने की इकाइयां वास्तविक स्थानीय निवासियों की देशी आवश्यकताओं के सिवाय प्रतिषिद्ध नहीं होंगी जिसमें निजी उपयोग के लिए और मकानों के संन्निर्माण या मरम्मत के लिए भूमि को खोदना और मकान बनाने के लिए देशी टाइलों का निर्माण भी सम्मिलित है; (ख) माननीय उच्चतम न्यायालय की रिट याचिका (सिविल) सं. 1995 का 202 टी.एन. गोविंदरामन थिरुमूलपाद बनाम भारत सरकार के मामले में आदेश तारीख 4 अगस्त, 2006 और रिट याचिका (सी) सं. 2012 का 435 गोवा फाउंडेशन बनाम भारत सरकार के मामले में तारीख 21 अप्रैल, 2014 के खनन आदेश के अनुसरण का प्रचालन होगा ।
2.	जल या वायु या मृदा या ध्वनि प्रदूषण कारित करने वाले उद्योगों की स्थापना ।	(क) कोई नई या पारिस्थितिक संवेदी जोन में प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों के विस्तार की अनुमति दी जाएगी। (ख) हरित या श्वेत कृषि आधारित लघु उद्योगों सहित केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड वर्गीकरण के रूप में वर्गीकृत उद्योगों को नियमों के अनुसार विनियमित किया जाएगा।
3.	जलावन लकड़ी का वाणिज्यिक उपयोग ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होगें ।
4.	नई बृहत ताप और जल विद्युत परियोजना की स्थापना ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होगें ।
5.	यांत्रिक साधनों द्वारा मछली पकडना।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होगें ।
6.	पहाड़ी ढालों और नदी तटों का संरक्षण ।	जब तक आंचलिक महायोजना के अधीन अनुज्ञात न किया जाए जब तक 1 से 10 मीटर के पहाड़ी ढलानों पर और किसी नदी तट और प्राकृतिक नाले से 100 मीटर तक कोई संन्निर्माण क्रियाकलाप नहीं किया जाएगा।
7.	प्राकृतिक जल निकायों या सतही क्षेत्र में अनुपचारित बहिर्स्राव और ठोस अपशिष्टों का निस्सारण ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होगें ।
8.	किसी परिसंकटमय पदार्थों का उपयोग या उत्पादन ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होगें ।

IndiaCode

9.	ईंट भट्टों की स्थापना करना।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
10.	फर्मों, कंपनियों, आदि द्वारा बड़े पैमाने पर वाणिज्यिक पशुधन संपदा और कुक्कुट फार्मों की स्थापना ।	स्थानीय जरूरतों को पूरा करने के सिवाय लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे।
	विनियमित क्रियाकलाप	
11.	होटलों और रिसोर्टों का वाणिज्यिक स्थापन ।	पारिस्थितिक अनुकूल पर्यटन क्रियाकलापों के लिए लघु अस्थायी संरचनाओं के लिए संरक्षित क्षेत्र सीमा के एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिक संवेदी जोन के विस्तार तक ही जो भी निकट हो कोई नया वाणिज्यिक होटल और रिसोर्ट अनुज्ञात होंगे अन्यथा नहीं । परन्तु संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर परे या पारिस्थितिक संवेदी जोन के विस्तार तक, जो भी निकट हो सभी नए पर्यटन क्रियाकलापों या विद्यमान क्रियाकलापों का विस्तार यथा लागू पर्यटन महायोजना के अनुरुप होगा ।
12.	संनिर्माण क्रियाकलाप ।	(क) संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिक संवेदी जोन के विस्तार तक जो भी निकट हो, किसी भी प्रकार का वाणिज्यिक संनिर्माण अनुज्ञात नहीं किया जाएगा: परंतु स्थानीय लोगों को पैरा 3 के उप पैरा (1) में सूचीबद्ध क्रियाकलापों सहित उनके उपयोग के लिए उनकी भूमि में स्थानीय निवास्यों की आवासीय आवश्यकताओं को पूरा करने लिए संनिर्माण करने की अनुमति भवन उपविधियों के अनुसार दी जाएगी। (ख) इसके अतिरिक्त, एक किलोमीटर से परे पारिस्थितिक संवेदी जोन के विस्तार तक सद्भावपूर्वक स्थानीय आवश्यकताओं के लिए संनिर्माण और अन्य संनिर्माण क्रियाकलापों को महायोजना के अनुसार विनियमित किया जाएगा। (ग) पारिस्थितिक संवेदी जोन संनिर्माण क्रियाकलाप आंचलिक महायोजना के अनुसार होंगे।
13.	नए सकरी-बिरौल कुशेश्वर अस्थान - हसनपुर रेलवे लाइन का संनिर्माण और संचालन ।	वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 (1972 के 53) और भूमि (संरक्षण और प्रबंधन) नियम 2010 के अधीन अनुमतियों पर आकस्मिक होना चाहिए और इसके तहत लगाए गए मुक्ति, प्रतिपूरक और विनियामक उपायों के अधीन होगा। परंतु, पारिस्थितिक-संवेदी जोन सीमा के बाहर रेलवे स्टेशन का संनिर्माण किया जाएगा।
14.	प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग ।	पारिस्थितिक संवेदी जोन से गैर प्रदूषण, गैर परिसंकटमय, लघु और सेवा उद्योग कृषि, पुष्प कृषि, उद्यान कृषि, या कृषि आधारित उद्योग देशीय माल से औद्योगिक उत्पादों का उत्पादन उद्योग और जो पर्यावरण पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं डालते हैं, अनुज्ञात होंगे ।
15.	पारिस्थितिक अनुकूल पर्यटन क्रियाकलापों हेतु पर्यटकों के अस्थायी अधिभोग के लिए पारिस्थितिक अनुकूल कुटीर जैसे तम्बु, लकड़ी के आवास।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।

16.	ठोस अपशिष्ट प्रबंधन।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
17.	पारिस्थितिक-पर्यटन।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
18.	प्लास्टिक बैग का उपयोग।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
19.	प्राकृतिक जल निकायों में बहिर्स्राव और ठोस अपशिष्ट का निस्सारण ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
20.	वायु और यानिक प्रदूषण ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
21.	ध्वनि प्रदूषण ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
22.	भूमिगत जल का निष्कर्षण।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
23.	वृक्षों की कटाई ।	(क) राज्य सरकार में सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना वन, सरकारी या राजस्व या निजी भूमि पर या वनों में किंही वृक्षों की कटाई नहीं होगी । (ख) वृक्षों की कटाई संबंधित केंद्रीय या राज्य अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंध के अनुसार विनियमित होगी । (ग) आरक्षित वनों और संरक्षित वनों की दशा कार्ययोजना में दिए गए विवरण का अनुसरण किया जाएगा ।
24.	रोपवे का संनिर्माण।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
25.	विद्युत और दूरसंचार टावरों का परिनिर्माण और केबल बिछाना और अन्य बुनियादी ढांचे ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे (भूमिगत केबल बिछाए जाने को बढ़ावा दिया जाएगा)।
26.	सुरक्षा कैंप की स्थापना।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
27.	विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ करना तथा नई सड़कों का संनिर्माण।	उचित पर्यावरण समाघात निर्धारण और न्यूनीकरण उपाय यथा लागू अनुसार होंगे ।
28.	होटलों और लॉज के विद्यमान परिसरों में बाड लगाना।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा (वन्यजीव के मुक्त संचलन को अनुज्ञात करने के लिए पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर होटलों या अन्य वाणिज्यिक स्थापना अपनी परिसंपत्तियों में काटेदार से बाड नहीं लगाएंगे और कोई भी बाड़ एक मीटर से ऊंची नहीं होगी। कोई विद्यमान बाड़, जो इस उपदर्श का अनुपालन नहीं करती है, को आंचलिक महायोजना में वर्णित समय-सीमा के अनुसार उपांतरित किया जाएगा) ।
29.	पर्यटन से संबंधित क्रियाकलाप जैसे गर्म वायु गुब्बारें, हेलीकाप्टर, ड्रोन, माइक्रोलाइटस और अन्य पर्यटन क्रियाकलाप आदि द्वारा पारिस्थितिक संवेदी जोन के ऊपर से उड़ना जैसे अन्य क्रियाकलाप करना।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
30.	विदेशी प्रजातियों को लाना ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
31.	रात्रि में यानिक यातायात का संचलन ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।

32.	वाणिज्यिक साइनबोर्ड और होर्डिंग ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
33.	वन उत्पादों और गैर काष्ठ वन उत्पादों का संग्रहण।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
34.	प्रवासी चरागाह।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
35.	मछली पालन।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
	संवर्धित क्रियाकलाप	
36.	वर्षा जल संचयन ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
37.	जैविक खेती ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
38.	सभी गतिविधियों के लिए हरित प्रौद्योगिकी को ग्रहण करना ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
39.	कुटीर उद्योगों जिसके अंतर्गत ग्रामीण कारीगर आदि भी हैं ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
40.	कृषि वानिकी ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
41.	कौशल विकास ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
42.	निम्नीकृत भूमि/वन/ आवास की बहाली ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
43.	पर्यावरणीय जागरुकता ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
44.	जल संरक्षण उपाय।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।

5. मानीटरी समिति- (1) केंद्रीय सरकार, पारिस्थितिक संवेदी जोन के प्रभावी मानीटरी के लिए एक मानीटरी समिति का गठन करेगी जो निम्नलिखित से मिलकर बनेगी, अर्थात् :-

(i) प्रभागीय आयुक्त, दरभंगा प्रभाग - अध्यक्ष ;

(ii) राजस्व विभाग, बिहार सरकार का एक प्रतिनिधि - सदस्य ;

(iii) जल संसाधन विभाग, बिहार सरकार का एक प्रतिनिधि -सदस्य ;

(iv) पशु और मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार सरकार का एक प्रतिनिधि - सदस्य;

(v) कृषि विभाग, बिहार सरकार का एक प्रतिनिधि - सदस्य ;

(vi) लोक निर्माण विभाग , बिहार सरकार का एक प्रतिनिधि -सदस्य ;

(vii) बिहार संरकार द्वारा पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य करने वाले (जिसके अंतर्गत विरासत संरक्षण भी है) गैर सरकारी संगठन का तीन वर्ष के लिए नामनिर्दिष्ट किया जाने वाला एक प्रतिनिधि - सदस्य ;

(viii) पारिस्थितिक और पर्यावरण के क्षेत्र से बिहार सरकार द्वारा तीन वर्ष की अवधि के लिए नामनिर्दिष्ट किया जाने वाला एक विशेषज्ञ - सदस्य ;

(ix) क्षेत्रीय अधिकारी, बिहार प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पटना - सदस्य ;

(x) राज्य जैव-विविधता बोर्ड का सदस्य - सदस्य ;

(xi) प्रभागीय वन अधिकारी, मिथिला वन प्रभाग -सदस्य-सचिव।

6.निर्देश निबंधन: (1) पारिस्थितिक संवेदी जोन समिति इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुपालन को मानीटर करेगी ।

(2) मानीटरी समिति का कार्यकाल राजपत्र में इस अधिसूचना प्रकाशन की तारीख से तीन वर्ष की अवधि के लिए होगा।

(3) पारिस्थितिक संवेदी जोन में भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 1533(अ), तारीख 14 सितंबर, 2006 की अनुसूची के अधीन सम्मिलित क्रियाकलापों और इस अधिसूचना के पैरा 4 के अधीन सारणी में यथा विनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध गतिविधियों के सिवाय आने वाले क्रियाकलापों की वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं पर आधारित मानीटरी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उक्त अधिसूचना के उपबंधों के अधीन पूर्व पर्यावरण निकासी के लिए केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को निर्दिष्ट की जाएगी ।

(4) इस अधिसूचना के पैरा 4 के अधीन यथा विनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध क्रियाकलापों के सिवाय, भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना संख्यांक का.आ. 1533(अ), तारीख 14 सितंबर, 2006 की अधिसूचना के अनुसूची के अधीन ऐसे क्रियाकलापों, जिन्हें सम्मिलित नहीं किया गया है, और जो पारिस्थितिक संवेदी जोन में आते हैं, ऐसे क्रियाकलापों की वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं पर आधारित मानीटरी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उसे संबद्ध विनियामक प्राधिकरणों को निर्दिष्ट किया जाएगा ।

(5) मानीटरी समिति का सदस्य-सचिव या संबद्ध कलक्टर या संरक्षित क्षेत्र का प्रभारी ऐसे व्यक्ति के विरूद्ध, जो इस अधिसूचना के किसी उपबंध का उल्लंघन करता है, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 के अधीन परिवाद फाइल करने के लिए सक्षम होगा।

(6) मानीटरी समिति मुद्दा दर मुद्दा के आधार पर अपेक्षाओं पर निर्भर रहते हुए संबद्ध विभागों के प्रतिनिधियों या विशेषज्ञों, औद्योगिक संगमों या संबद्ध पणधारियों के प्रतिनिधियों को अपने विचार-विमर्श में सहायता के लिए आमंत्रित कर सकेगी ।

(7) मानीटरी समिति प्रत्येक वर्ष की 31 मार्च तक की अपनी वार्षिक कार्रवाई रिपोर्ट राज्य के मुख्य वन्य जीव वार्डन को **उपाबंध IV** में उपबंधित रूप विधान के अनुसार उक्त वर्ष के 30 जून तक प्रस्तुत करेगी ।

(8) केन्द्रीय सरकार का पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय मानीटरी समिति को अपने कृत्यों के प्रभावी निर्वहन के लिए ऐसे निदेश दे सकेगा, जो वह ठीक समझे ।

7. इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभाव देने के लिए केंद्रीय सरकार और राज्य सरकार अतिरिक्त उपाय, यदि कोई हों, विनिर्दिष्ट कर सकेंगे ।


8. भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय या राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण द्वारा पारित कोई आदेश या पारित होने वाले किसी आदेश, यदि कोई हों, के अध्यधीन, इस अधिसूचना के उपबंध होंगे ।

[फा. सं. 25/202/2015-ईएसजेड-आरई]

ललित कपूर, वैज्ञानिक 'जी'

उपाबंध I

कुशेशवर अस्थान पक्षी अभयारण्य, बिहार के पारिस्थितिक संवेदी जोन का मानचित्र



उपाबंध II-क

भू-निर्देशांक के साथ कुशेशवर अस्थान पक्षी अभयारण्य , दरभंगा की सीमा का वर्णन

क्र.सं.	देशांतर	अक्षांश
1	86.2618936009362	25.8337720990339
2	86.2676924046286	25.8395709027263
3	86.2877651866409	25.8482691082649
4	86.2835275993272	25.8696800757447
5	86.2908876193983	25.8848461777095
6	86.3051615977181	25.8828388995083
7	86.3105143395881	25.8647733956972
8	86.3172052669255	25.8565212519811
9	86.3290259052216	25.8453697064187
10	86.3272416579316	25.8364484699688
11	86.3317022761566	25.8322108826551
12	86.3337095543578	25.8132532551991
13	86.319435576038	25.8103538533529
14	86.3051615977181	25.8183829661578
15	86.296909454002	25.8165987188678
16	86.2911106503096	25.8139223479328
17	86.2882112484633	25.8038859569267
18	86.2790669811022	25.8085696060629
19	86.2679154355398	25.8090156678854
20	86.2837506302384	25.8273042026077

उपाबंध II-ख

भू-निर्देशांक के साथ कुशेशवर अस्थान पक्षी अभयारण्य , दरभंगा के पारिस्थितिक संवेदी जोन की सीमा का वर्णन

मानचित्र में आई.डी	अक्षांश	देशांतर
0	$25^0$53’44.562”उ	$86^0$17’28.750” पू
1	$25^0$52’55.872” उ	$86^0$18’47.131” पू
2	$25^0$52’2.724” उ	$86^0$18’56.243” पू
3	$25^0$51’10.774” उ	$86^0$20’1.649” पू
4	$25^0$50’40.317” उ	$86^0$20’37.178” पू
5	$25^0$48’46.838” उ	$86^0$20’22.909” पू

6	25⁰48’17.482” उ	86⁰18’49.147” पू
7	25⁰48’34.462” उ	86⁰18’12.366” पू
8	25⁰47’43.551” उ	86⁰17’19.739” पू
9	25⁰47’49.856” उ	86⁰15’54.447” पू
10	25⁰48’43.463” उ	86⁰15’38.910” पू
11	25⁰49’22.060” उ	86⁰14’40.587” पू
12	25⁰50’46.480” उ	86⁰16’4.467” पू
13	25⁰51’59.659” उ	86⁰16’40.474” पू
14	25⁰51’14.816” उ	86⁰15’45.405” पू

उपाबंध III

कुशेशवर अस्थान पक्षी अभयारण्य , दरभंगा के पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर आने वाले ग्रामों की सूची

क्र.सं.	ग्राम	अक्षांश	देशांतर	क्षेत्र (हेक्टेयर में)
1	अबेर उर्फ रामबरी	25° 50' 52.413" उ	86° 16' 18.832" पू	161.54
2	अदलपुर	25° 48' 16.473" उ	86° 17' 40.786" पू	116.20
3	असमन	25° 49' 4.853" उ	86° 17' 53.272" पू	10.30
4	बहमपुर उर्फ मसलखोल	25° 49' 52.535" उ	86° 15' 17.214" पू	283.79
5	बाइरो	25° 51' 33.670" उ	86° 17' 20.746" पू	2.02
6	बारैना	25° 49' 41.050" उ	86° 20' 11.481" पू	99.50
7	बरगॉव	25° 48' 20.361" उ	86° 16' 32.633" पू	86.63
8	बरसानदा	25° 50' 50.142" उ	86° 16' 57.879" पू	42.87
9	भादहर	25° 53' 30.061" उ	86° 17' 12.542" पू	71.13
10	भालुका	25° 48' 41.458" उ	86° 18' 18.857" पू	39.83
11	भतवान	25° 47' 57.678" उ	86° 17' 11.830" पू	34.35
12	भीरूआ	25° 50' 28.781" उ	86° 20' 9.446" पू	300.81
13	बिसुनिया	25° 49' 10.497" उ	86° 20' 12.142" पू	105.77
14	धर्मपुर	25° 48' 49.263" उ	86° 17' 49.308" पू	85.81
15	गीसपुर	25° 50' 37.028" उ	86° 15' 52.627" पू	52.53
16	हरौली	25° 49' 17.818" उ	86° 16' 5.174" पू	380.97
17	हीरनी	25° 49' 37.556" उ	86° 16' 40.037" पू	9.54
18	जखरी(गैरआबादी)	25° 51' 15.981" उ	86° 19' 37.792" पू	11.29
19	केवतगवन	25° 48' 29.868" उ	86° 19' 33.085" पू	187.59
20	खेसराहा	25° 51' 16.883" उ	86° 19' 11.504" पू	60.75

21	लदाईमी	25° 53' 2.926" उ	86° 18' 13.882" पू	219.09
22	लरनच भादौल	25° 52' 21.955" उ	86° 17' 5.923" पू	15.50
23	महरी	25° 52' 42.158" उ	86° 16' 55.908" पू	130.40
24	महरी चकला(गैर- आबादी)	25° 53' 25.827" उ	86° 17' 28.874" पू	26.87
25	महरी दीह	25° 53' 0.938" उ	86° 17' 18.221" पू	41.56
26	मनौर	25° 51' 38.137" उ	86° 19' 19.953" पू	135.89
27	मोहीम खुर्द	25° 51' 43.387" उ	86° 17' 12.278" पू	1.58
28	नारैनपुर	25° 47' 57.540" उ	86° 16' 41.289" पू	106.61
29	पच हारा बजरंगा	25° 48' 8.893" उ	86° 16' 2.659" पू	78.89
30	पचहारा खुर्द	25° 48' 38.357" उ	86° 16' 3.063" पू	19.51
31	पनदो	25° 49' 26.521" उ	86° 16' 58.199" पू	1.52
32	पीपूरा	25° 50' 21.346" उ	86° 19' 47.183" पू	4.15
33	रियोटा	25° 48' 47.352" उ	86° 18' 38.075" पू	48.86
34	सनौली	25° 51' 16.527" उ	86° 17' 14.647" पू	15.24
35	सीरीपूर उर्फ सुकमरपुर	25° 50' 12.850" उ	86° 15' 51.692" पू	26.07
36	सुल्तानपुर	25° 51' 31.381" उ	86° 16' 46.900" पू	278.45
				3293.40

उपाबंध IV

पारिस्थितिक संवेदी जोन मानीटरी समिति - की गई कार्रवाई की रिपोर्ट का रूप विधान

1. बैठकों की संख्या और तारीख ।
2. बैठकों का कार्यवृत : कृपया मुख्य उल्लेखनीय बिंदुओं का वर्णन करें । बैठक के कार्यवृत्त को एक पृथक अनुबंध में उपाबद्ध करें ।
3. आंचलिक महायोजना जिसके अंतर्गत पर्यटन महायोजना भी है की तैयारी की प्रास्थिति ।
4. भू-अभिलेख में सदृश्य त्रुटियों के सुधार के लिए व्यौहार किए गए मामलों का सारांश । ब्यौरे उपाबंध के रुप में संलग्न ।
5. पर्यावरण समाघात निर्धारण अधिसूचना, 2006 के अधीन आने वाली गतिविधियों की संविक्षा के मामलों का सारांश । ब्यौरे एक पृथक् उपाबंध के रूप में उपाबद्ध किए जा सकते हैं ।
6. पर्यावरण समाघात निर्धारण अधिसूचना, 2006 के अधीन न आने वाली गतिविधियों की संविक्षा के मामलों का सारांश । ब्यौरे एक पृथक् उपाबंध के रूप में उपाबद्ध किए जा सकते हैं ।
7. पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 के अधीन दर्ज की गई शिकायतों का सारांश ।
8. कोई अन्य महत्वपूर्ण विषय ।

IndiaCode

MINISTRY OF ENVIRONMENT, FOREST AND CLIMATE CHANGE

NOTIFICATION

New Delhi, the 22nd August, 2017

S.O. 2735(E).—WHEREAS, a draft notification was published in the Gazette of India, Extraordinary, vide notification of the Government of the India in the Ministry of Environment, Forest and Climate Change number S.O. 1823 (E), dated the 26th May, 2016 inviting objections and suggestions from all persons likely to be affected thereby within the period of sixty days from date on which copies of the Gazette containing the said notification were made available to the public;

AND WHEREAS, copies of the Gazette containing the draft notification were made available to the public on the 26th May, 2016;

AND WHEREAS, all objections and suggestions received from persons and stakeholders in response to the draft notification were duly considered by the Central Government;

AND WHEREAS, the Kusheshwar Asthan Bird Sanctuary is situated in Darbhanga district of Bihar and is spread over an area of 29.21 square kilometers.

AND WHEREAS, the Kusheshwar Asthan Bird Sanctuary has a fresh water lake, and its adjoining area is of immense ecological, faunal, floral, geomorphological, religious and natural importance and has myriad aquatic flora and fauna;

AND WHEREAS, the Kusheshwar Asthan Bird Sanctuary is home to many species of water plants, abundant species of fish around forty species of local birds with fifteen rare and endangered species of migratory birds from Nepal, Tibet, Bhutan, Afghanistan, China, Pakistan, Mongolia Siberia and other countries, which flock to the area in the winter season, and the temple of Lord Shiva inside the Sanctuary is traced back to the epic period and is of immense religious importance;

AND WHEREAS, some important bird species marking presence in this area are Dalmatian Pelican (*Pelicanus erisups*), Indian Darter (*Anlinga rufa*), Bar-Headed Goose, White Winged Wood Duck (*Cairiva scutulata*), Marbled Teal (*Marmaronetta anqustirostris*), Baers Pochard (*Aythya baeri*), Siberian Crane (*Grus leuogranus*), Indian Skimmer (*Rynchops albicollis*), Oriental Qoosander (*Merqus goosander*), Whistling Teal, Kingfisher, Purple Moor-Hen, etc; Terrestrial wildlife commonly contain, Rhesus macaque, Wild Boar, Jackal, Nilgai, etc. and reptiles include tortoises such as Harhi and Ahua and water snakes Cherna, Machalidihi, Basmha and Darrar; whereas important fish species are Rehu, Katla, Singhi, Garai, Bami, Ichna, etc.

AND WHEREAS, important plant species of the Sanctuary are Bel (Aegle marmelos), Siris (Albizia chinensis), Neem (Azadirachta indica), Semal (Bombox ceiba), Bargad (Ficus benghalensis), Pipal (Ficus religiosa), Mango (Mangifera indica), Khajur (Phoenix dactylifera), Jamun (Syzygium cumini) and Arjun Terminalia arjuna, etc; and some important aquatic plant species are Jalkumbhi, Narkat, Wild Rice, Blue Water Lili, Hydrela, Muskgrass, etc.

AND WHEREAS, the Sanctuary receives water from flood spill of rivers Kamla Balan, Purani Kamla, Kosi, Bhutahi and Jeevachh thereby preventing flooding and water logging of nearby agricultural lands and therefore, it acts as a water reservoir and also recharges the ground water in the process;

